तापमान
अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 अप्रैल 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

11 मतदान है लोकतंत्र का महापर्व

12 रिवरडेल स्कूल ने की टर्मिनेटर क्रिकेट...


## खबर संक्षेप

### अज्ञात कारणों से शख्स ने फांसी लगाकर दी जान

**महासमुंद।** सरायपाली के वार्ड नं. 02 वीरेंद्र नगर में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 28 अप्रैल को शाम करीब 7:30 बजे सीताराम चौहान पिता स्व. जगत राम चौहान (50) निवासी वार्ड नं. 02 वीरेंद्र नगर सरायपाली ने अपने घर पर अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### धारदार हथियार लहरा रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बिरकोनी के बाजार वार्ड में एक 19 साल के युवक को धारदार हथियार लहराकर कर लोगों को डराते-धमकाते पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि सुभाष उर्फ सोनू ध्रुव पिता बिहारी ध्रुव (19) ग्राम बिरकोनी निवासी बाजार चौक के पास लोहे का तलवार को लेकर लहराते हुए लोगों को डराते धमकाते मिला, जिस पर पुलिस ने हथियार जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### ज्यादा खर्च करने के नाम पर पत्नी से मारपीट

**महासमुंद।** ज्यादा खर्च करने की बात को लेकर महिला से उसके पति द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। प्रार्थिया मेश्राम पति देवेंद्र (31) निवासी बीटीआई रोड ने पुलिस को बताया कि उसके पति व आरोपी देवेंद्र बाम्बड़े पिता माधव राव (31) ने ज्यादा खर्च करती हो कहकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# दूसरा गेट निर्माण की धीमी चाल से क्रॉसिंग में लग रही लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में तुमगांव रोड पर ओवरब्रिज बनने के बाद आधी आबादी और जिला तो इस परेशानी से राहत महसूस कर रहा है। लेकिन, जिला मुख्यालय से राजधानी जाने वाले लोग आज भी बेलसोंडा रेलवे क्रॉसिंग में होने वाली घंटों की बाधा से हलाकान है। हालांकि इस समस्या के निदान के लिए प्रस्तावित ओवरब्रिज के निर्माण तक प्रशासनिक पहल के चलते एक और गेट बनाए जाने से यहां ट्रैफिक की समस्या से कुछ हद तक निजात मिलेगी। फिलहाल, गेट निर्माण का कार्य शुरु तो हुआ है लेकिन, निर्माण की सुस्त चाल अब भी लोगों को यहां घंटों कतार में खड़ा होने मजबूर कर रहा है।

दूसरा गेट बनाए जाने का कार्य चालू हो चुका है लेकिन, फिलहाल एक ही फाटक से आवाजाही हो रही है। ट्रेनों की आवाजाही और कभी कभी दोनों ओर से लंबे मालवाहकों के चलते यहां दिन मे कई बार दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें देखी जा सकती हैं। वहीं नांदगांव मुढ़ैना की ओर से आने वाली अधिकतर मालवाहक वाहन चालकों को यहां पर मोड़ने के लिए काफी परेशानी होती है, दूसरा गेट बनने से यह परेशानी भी दूर होगी। के लिए चालकों को परेशानी होती है।

## बेलसोंडा में प्रस्तावित है दूसरा गेट, लेकिन देरी बढ़ा रही परेशानी

### 10 मीटर का और बनने जा रहा फाटक

वर्तमान में बेलसोंडा रेलवे क्रॉसिंग पर सडक की चौड़ाई 10 मीटर है। चौड़ाई कम होने से वाहन फंस जाते हैं। चौड़ीकरण के लिए भी सडक, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार से स्वीकृति मिली है। कुल 33.77 लाख रुपए की लागत से चौड़ीकरण भी प्रस्तावित है।



### तुमगांव से घूमकर नहीं जाना होगा

बेलसोंडा में स्थित मुख्य क्रॉसिंग पर मेंटनेंस के समय लोगों को तुमगांव से घूमकर नहीं आना पड़ेगा। लोग बेलसोंडा से बिरकोनी जाने वाले मार्ग पर भी क्रॉसिंग बिरकोनी मंदिर होते हुए इस मार्ग पर पहुंच सकेंगे। पूर्व में इस मार्ग को भी बजट में भी शामिल किया गया था, लेकिन अब तक यहां पक्की सडक नहीं बन पाई है। इस मार्ग के बन जाने से लोगों को नेशनल हाइवे होकर बिरकोनी नहीं जाना पड़ेगा।

## कामकाज: दफ्तरों में पेंडिंग कार्य निपटाते नजर आए कर्मचारी

# दस दिनों के बाद सरकारी दफ्तर स्कूल, कॉलेजों में लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चुनावी ड्यूटी के कारण पिछले पखवाड़ेभर बाद दफ्तरों में कर्मचारियों की मौजूदगी अच्छी रहीं। दफ्तरों में कर्मचारी पेंडिंग कार्य निपटाते नजर आएं। वहीं, कामकाज पर लौटने के बाद पहला दिन अफसरों का विडियों कॉन्फ्रेसिंग में बीता। बता दें कि इस दौरान राजस्व विभाग में सबसे ज्यादा काम प्रभावित रहा। करीब 15 दिनों के बाद राजस्व न्यायालयों में चल रहें 30 जमीन मामलों की सुनवाई सोमवार को की गई।



बता दें कि विधानसभा चुनाव 2023 के लिए जिले के अधिकारी-कर्मचारियों सहित शिक्षकों को ड्यूटी में तैनात कर दिया गया था। शुरूआत से ही कर्मचारियों को प्रशिक्षण व अधिकारियों को अलग-अलग कार्यों में लगा दिया गया था। जिसकी वजह से सरकारी दफ्तरों में आम जनों का कार्य प्रभावित रहा। दफ्तरों जाने पर पता चलता था कि साहब चुनाव कार्य में हैं। इसलिए, आमजनों का कई दिनों से शासकीय दफ्तरों में चहल-पहल भी कम रहीं। चुनावी कार्य के चलते पंचायतों का कार्य ठप पड़ गया था। उसमें भी अब गति आएगी। वहीं, स्कूलों में फिलहाल ग्रीष्मकालीन अवकाश चलने के कारण शिक्षकों के चुनाव ड्यूटी रहने से किसी प्रकार फर्क नहीं पड़ा।

### मतगणना तक अटैच रहेंगे कर्मचारी

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने के बाद भी विभिन्न विभागों से निर्वाचन शाखा में अटैच किए गए कर्मचारियों को मतगणना तक रहने का निर्देश है। उनसे निर्वाचन से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य अब भी लिए जा रहे हैं। बता दें कि निर्वाचन शाखा में सबसे ज्यादा कंप्यूटर ऑपरेटरों की जरूरत पड़ रही है। इसके अलावा लिपिक वर्ग और राजस्व विभाग का अमला शामिल है। इसलिए, इन विभागों में कई कार्यो के लिए मतगणना तक इंतजार करना होगा।

### राजस्व अमला को नहीं मिली मुक्ति

अधिकारी-कर्मचारियों को चुनाव कार्यो में संलग्न किए जाने के कारण राजस्व विभाग पर इसका सबसे ज्यादा प्रभाव नजर आ रहा है। लेकिन, मतदान समाप्त होने के बाद भी राजस्व अमला चुनाव का कई महत्वपूर्ण दायित्वों से पूरी तरह से मुक्ति नहीं मिली है। इसलिए, इनके न्यायालयों में नोटिस चस्पा किया गया है, जिसमें चुनाव कार्य और प्रकरण सुनवाई के बीच सांमजस्य स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि, दोनो कार्य समान रूप से चलता रहें।

# सेंट फ्रासिंस स्कूल में मधुमक्खी ने किया हमला, दर्जनभर बच्चे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सेंट फ्रासिंस स्कूल पिथौरा में रविवार की सुबह परिसर में खेल रहे बच्चों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे करीब दर्जन भर बच्चे घायल हो गए। बच्चों को उपचार के लिए सामुदायिक केंद्र भेजा गया, जहां पर प्राथमिक उपचार किया गया। सभी बच्चों को सुरक्षित बताया जा रहा है।

इस घटना के लिए स्कूल प्रबंधन की लापरवाही सामने आ रही है। घटना रविवार की सुबह 10.30 बजे की है। स्कूल में चल रहे समर कैंप के बाद करीब 25 बच्चे मैदान में खेल रहे थे। वहीं, स्कूल के एक किनारे में मधुमक्खियों का छत्ता भी मौजूद है। एकाएक मधुमक्खियों ने बच्चों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से बचने के लिए बच्चे इधर-उधर भागने लगे। कुछ बच्चें खुद को स्कूल के कमरों



में बंद कर लिया। इसके बावजूद कुछ बच्चे हमले से खुद को बचा नहीं पाएं और मधुमक्खियों के डंक से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार किया गया। बताया जा रहा है कि करीब 7 बच्चों को ज्यादा चोट आई है। इधर, हमले के बाद स्कूल प्रबंधन मधुमक्खियों के छत्ते को शाम तक निकालने की बात कह रहें। सिस्टर रिजी ने बताया कि सुबह 7.30 से 9 बजे तक इन दिनों स्कूल में समर कैंप चल रहा है। कैंप के बाद बच्चें गेम्स खेल रहे थे। इस बीच किसी ने पत्थर मारा या और कुछ हुआ कि मधुमक्खियों ने बच्चों पर हमला कर दिया। हमले से 7 बच्चे घायल हुए हैं, वे सभी सुरक्षित हैं।

### ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में भी मधुमक्खी के हमले से दर्जनों घायल

हाउसिंग बोर्ड ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में मधुमक्खियों के हमले से दर्जन भर से अधिक घायल हो गए। मधुमक्खियों ने 7 से 10 वर्ष के बच्चों तथा अनेक महिला-पुरूषों को घायल कर दिया। जानकारी के मुताबिक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित ईडब्ल्यूएस ब्लॉक क्रमांक 10 तथा 12 में मधुमक्खियों ने छत्ता बना रखा है। दो दिन पूर्व अज्ञात तत्वों ने ब्लॉक नंबर 10 के छत्ते को गिरा दिया। बाद मधुमक्खियों का झुंड पूरी कालोनी में फैल गया और कालोनी में खेल रहे 5-6 बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। वहीं शाम को मधुमक्खियों ने मंदिर जाने निकलीं कुछ महिलाओं के समूह पर भी हमला कर दिया। जिससे महिलाएं घायल हो गई हैं।

# घर में टीवी नहीं चलने पर पति-पत्नी के बीच विवाद, एक-दूसरे के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

**महासमुंद।** नगर के नयापारा के एक घर में टीवी नहीं चलने की बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ महासमुंद थाने में इस मामले की रिपोर्ट लिखाई है।

प्रार्थिया नसरीन कुरैशी पति राज मोहम्मद कुरैशी निवास वार्ड नं 7 गौसिया मस्जिद के पास नयापारा महासमुंद बताया कि मैं प्रायवेट नौकरी करती हूं और मेरा मेरे पति, सास तथा देवर-देवरानी के साथ पारिवारिक विवाद काफी दिनों से चला आ रहा है। इसके चलते राजिम न्यायालय में पति-पत्नी के बीच भरण पोषण का मामला चल चुका है। साथ ही मैं मकान के ऊपर मंजिल में अपनी बेटी के साथ अलग रहती है। इसके बाद भी मेरा पति, सास, देवर, देवरानी मेरे साथ आए दिन वाद-विवाद, गाली गलौच करते रहते हैं। प्रार्थिया ने बताया कि 28 अप्रैल की शाम को आंधी-तूफान के कारण मेरे टीवी एवं मेरे पति, उसके मां एवं भाई के टीवी का छतरी हिलने से घूम गया। रात करीब 10 बजे मेरा पति राज मोहम्मद ऊपर मेरे कमरे के पास आया और टीवी की छतरी को जानबूझकर हिला डुलाकर इधर-उधर करने की बात करते हुए गालियां देने लगा।

प्रार्थिया ने बताया कि जब अपने पति से कहा कि टीवी आंधी-तूफान से हिल गया है, तब वह मेरे साथ हाथ-मुक्का से मारपीट करने लगा। इस दौरान उसने अपनी मां गौसिया खातून, छोटे भाई तबरेज कुरैशी एवं उसकी पत्नी तस्लीम कुरैशी को भी बुला लिया। इसके बाद चारों ने एक राय होकर हाथ-मुक्का से मारपीट किया। जिससे मेरे चेहरे में, दाहिने हाथ एवं कमर में चोटें आई। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 मामला दर्ज किया है।

### पति ने भी लिखाई रिपोर्ट

इधर, मामले को लेकर राज मोहम्मद पिता रफीक कुरैशी निवासी वार्ड नं 7 गौसिया मस्जिद के पास नयापारा महासमुंद ने पुलिस को बताया कि 28 अप्रैल की शाम को मैं टीवी देख रहा था, तभी अचानक नो सिग्नल हो गया, जिससे मैं रात्रि करीब 10 बजे छत में जाकर देखा तो छतरी का वायर निकला हुआ था। प्रार्थी ने आगे बताया कि मेरी पत्नी नसरीन कुरैशी हमारे घर के ऊपर के कमरे में रहती है, जो उस समय हमारे टीवी के छतरी के पास खड़ी थी। छतरी का केबल निकला हुआ देखकर मैं बोला कि छतरी का केबल क्यों निकाल दिए हो, तो नसरीन कुरैशी मुझे गालियां देते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट करने लगी, जिससे मेरे दोनों हाथों में चोटें आई है, फिर उसने मुझे जोर से धक्का दे दिया जिससे मैं सीढ़ी के पास गिर गया, गिरने से मेरे दोनों पैरों में भी चोटें आई है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत मामला दर्ज किया है।

## सही ढंग से बाइक चलाने कहा तो चार लोगों ने युवक से की जमकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में बाइक को कट मारकर चलाने से मना करने वाले युवक के साथ कुछ लोगों ने जमकर मारपीट कर दी। घटना की रिपोर्ट महासमुंद थाने में दर्ज कराई गई है। प्रार्थी योगेश डहरिया पिता झगरू डहरिया निवासी खट्टी ने बताया कि मैं 28 अप्रैल को हिच्छा जंगल से अपने दोस्त देवानंद पटेल एवं डोमन पटेल के साथ पैदल आ रहा था। इसी दौरान खट्टी की ओर से गांव के घनश्याम मेहर एवं वैद्यनाथ मेहर अपने बाइक से जा रहे थे। वे लोग हमारे बगल से बाइक को कट मारते गए, जिन्हें हम लोगों ने देखकर सही तरीके से गाड़ी चलाओ कहा, तब वे लोग हम लोगों को गालियां देते हुए विवाद करने लगे। कुछ देर बात जब हम लोग गांव आकर प्रेमलाल साहू के किराना दुकान के सामने खड़े थे, तभी आरोपी घनश्याम मेहर और वैद्यनाथ मेहर अपने चचेरे भाई मोतीलाल मेहर एवं विनोद मेहर के साथ लाठी डंडा एवं एक लोहे का राड लेकर आए और चारों ने एक राय होकर गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडा एवं एक लोहे के राड से मुझे मारने लगे। इस दौरान भयभीत होकर मेरे दोस्त देवानंद पटेल एवं डोमन पटेल भाग गए। मारपीट से मेरे सिर में चोट लगी, वहीं दोनों हाथ एवं दोनों पैर में भी चोटें आई, जिससे मैं वहीं गिर गया। इसके बाद मेरे पिताजी झगरू राम डहरिया ने आकर बीच बचाव किया तो सभी आरोपी उनके साथ भी मारपीट करने लगे। बाद में मेरे पिताजी एवं दोस्त मुझे उठाकर जिला अस्पताल महासमुंद लेकर आए। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# दो भाइयों के बीच गाड़ी को लेकर विवाद, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली में दो भाइयों के बीच गाड़ी को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। प्रार्थी सुरेश अग्रवाल पिता श्यामलाल अग्रवाल निवासी हाउस नं डी 155 सेक्टर 4 देवेंद्र नगर रायपुर ने पुलिस को बताया कि मेरे नाम पर इनोवा गाडी क्र. सीजी 04 केयू 7847 को करीब एक साल से मैं अपने चचेरे छोटे भाई अशोक अग्रवाल को दिया हूं, लेकिन जब भी मैं गाड़ी को उससे मांगता हूं तो वह उसे वापस नहीं करता है।

प्रार्थी ने बताया कि वह रायपुर से 27 अप्रैल को अपने चचेरे भाई अमित अग्रवाल के यहां कार्यक्रम में शामिल होने आया। 28 अप्रैल की सुबह मैं अपनी पत्नी के साथ पतेरापाली पुराना मकान देखने गया था। वहां से वापस आने पर करीब 9.30 बजे के आसपास सुनील अग्रवाल के यहां जा रहे थे, तब देखा कि अशोक अग्रवाल अपनी दुकान में बैठा था। मैने उससे अपनी इनोवा गाड़ी को वापस मांगा, लेकिन वह गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। जब मेरी पत्नी रश्मि अग्रवाल छुडाने लगी तो उसे धक्का देते हुए अशोक अग्रवाल ने कुछ हाथ में पकड़ा था जिसे स्प्रे कर दिया, जिससे मेरे आंख, चेहरे एवं हाथ में जलन होने लगा एवं मेरी पत्नी रश्मि अग्रवाल पर भी स्प्रे किया, जिसके चलते उसके चेहरे पर भी जलन हो रहा है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

इधर, अशोक अग्रवाल पिता जयप्रकाश अग्रवाल निवासी सरायपाली ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 28 अप्रैल की सुबह करीब 9.30 बजे मैं अपने दुकान के सामने छोटा हाथी में माल लोडिंग करा रहा था, उसी समय मेरा भाई सुरेश अग्रवाल व उसकी पत्नी रश्मि अग्रवाल दोनों पतेरापाली की ओर से आए और मेरे पतेरापाली के मकान में किसी और को कैसे रखा है एवं इनोवा गाड़ी सीजी 04 केयू 7847 मेरा है कहकर मांगने लगे। जब मैने सुरेश अग्रवाल से कहा कि इनोवा गाड़ी को दोनों साथ में खरीदे हैं और पैसा तो मैं दिया हूं। ऐसा कहने पर दोनों पति-पत्नी गालियां और जान से मारने की धमकी देने लगे। इसी बीच सुरेश अग्रवाल ने बांस के डंडे से मारपीट की और रश्मि अग्रवाल ने मुझे धक्का दे दिया। जमीन में गिरने से एवं मारपीट करने से मेरे दाहिने कंधे एवं पीठ में चोट लगी है। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा में पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट करने की घटना हुई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी विक्की राजपूत पिता सुभाष राजपूत ने पुलिस को बताया कि मैं ग्राम हरनादादर थाना बागबाहरा का रहने वाला हूं। 28 अप्रैल की देर शाम 7.58 बजे बागबाहरा के सोनू देवांगन ने मुझे फोन कर जैन मंदिर मैदान में बुलाया। जहां मैं अपने भाई दीपक राजपूत, दोस्त सौरभ बंजारे एवं वेद चंद्रकर के साथ पहुंचा। जहां आरोपी सोनू देवांगन अपने साथी अर्जुन गोस्वामी, राजा सेन, शिवा वगैरह के साथ मौजूद था। इस दौरान आरोपी पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगा। जब मैने उसे गाली देने से मना किया तो आरोपी और उसके साथियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, कड़े, हाथ में पकड़े स्पीकर एवं बीयर बाटल से मारपीट किया। इस मारपीट से मेरे सिर के पीछे भाग में चोट आई है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज कर जांच विवेचना में लिया है।

## कभी गर्मी-कभी बारिश, माह के दिनों में कई बार बदला मौसम का ट्रेंड

# एक ही दिन में तीन डिग्री बढ़ गया पारा, सूनी हुई गलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश में आंधी, बारिश के बीच सोमवार से तापमान बढ़ गया है। एक दिन पूर्व रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री रहा। वहीं, सोमवार का अधिकतम तापमान 42 तक पहुंच गया। जिसके चलते दोपहर होते ही शहर की सड़कें और गलियां सूनी हो गई। लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकले। जबकि, मौसम विज्ञानियों की मानें तो अभी भी कुछ स्थानों पर आंधी, बारिश की संभावना बनी हुई है।

### अप्रैल में नहीं चली लू

अप्रैल इस साल लगभग पिछले साल की अपेक्षा ठंडा रहा है। बारिश और बादलों की वजह से ज्यादातर दिनों में अधिकतम तापमान सामान्य के आ पास या उससे नीचे रहा। एक-दो बार तापमान 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा, लेकिन लू चलने की स्थिति नहीं बनी। मौसम विभाग ने पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश समेत अन्य राज्यों में फिर से नए सिस्टम बनने का अनुमान जताया है। इन सिस्टम की वजह से अगले कुछ दिनों तक हल्की बारिश हो सकती।



अप्रैल महीने में अक्सर तेज गर्मी रहती है। कई बार लू जैसे हालात भी बन जाते हैं। लेकिन, इस बार 5-6 दिन के अंतर में मौसम का ट्रेंड बदल रहा है। इस बार अप्रैल कूल है। कभी तेज धूप खिल जाती है, तो तापमान 41 डिग्री से भी ऊपर चला जाता है। कभी अचानक बदली छा जाती है। तेज हवा के चलने से तापमान में गिरावट आ जाती है और अधिकतम तापमान 36-37 डिग्री तक चला जाता है। रविवार को बदली के कारण तापमान 39 डिग्री तक रहा तो सोमवार को तेज धूप के कारण दिन का पारा 42 डिग्री तक बढ़ गया। बारिश होने के कारण अप्रैल में अब तक अधिकतम तापमान 41 डिग्री के पार नहीं हुआ है। बादल, बारिश और आंधी के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

रविवार को मौसम में बदलाव होने के साथ सुबह 9 बजे तक कई इलाकों में बारिश भी हुई। इससे दिन का तापमान लुढ़ककर एक बार फिर सुबह 10 बजे तक 37 डिग्री के आस-पास रहा। दो दिन पहले तक यह 40 पर पहुंच गया था।

### तापमान में होगी वृद्धि

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ 65 डिग्री पूर्व और 18 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व झारखंड से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में नमी का आगमन लगातार जारी है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात तथा अंधड़ चलने की भी संभावना है। अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः चरम उत्तर और चरम दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

### शादी का प्रलोभन देकर किया दुष्कर्म

**महासमुंद।** तुमगांव थाने में रायगढ़ के एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि छोटे अतरमुड़ा, रायगढ़ निवासी आरोपी मिलींद पटेल ने शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 376 (2) (एन) के तहत अपराध कायम किया है।

हरिभूमि पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## चकल्लस



### प्रोत्साहन राशि पर रार...

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में मरीजों का इलाज करने के बदले शासकीय अस्पताल के स्टाफ को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि मनमुटाव का कारण बनने लगी है। इस बात की शिकायत होने लगी है कि यह राशि डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को बांट दी जाती है, जबकि इलाज में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से गैर चिकित्सकीय स्टाफ का योगदान भी होता है। इसे लेकर कुछ स्वास्थ्य केंद्रों में हाथापाई जैसी नौबत आ चुकी है और सबसे बड़े अस्पताल में विद्रोह के स्वर उभरने लगे हैं। नॉन क्लीनिकल स्टाफ अपने हक की राशि मांगने अस्पताल प्रबंधन से लेकर मेडिकल कॉलेज के डीन तक जाने की तैयारी कर रहा है।

### डॉक्टरों में दो फाड़

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत किए गए इलाज की लंबित राशि के भुगतान के लिए बहिष्कार की तैयारी कर रहे चिकित्सकों के बीच दो फाड़ करने अधिकारियों का पैंतरा काम कर गया। चिकित्सकों के बड़े संगठन के आव्हान पर अस्पताल इस योजना से इलाज नहीं करने के लिए तैयार होने लगे थे, उनकी मंशा भांपकर विभागीय अफसरों ने दांव खेला। कुछ अस्पतालों के प्रतिनिधियों को बुलाकर अनौपचारिक चर्चा कर डाली और भुगतान शीघ्र देने का आश्वासन भी दे दिया। मतलब डॉक्टरों में दो फाड़ भी करा दिया और योजना को जारी भी रख लिया।

### इलेक्शन की टेंशन ...

इलेक्शन में ड्यूटी किसी टेंशन से कम नहीं होती। खासकर महिला कर्मचारी हो तो अपनी परेशानी किस से बताए, यह बड़ी समस्या है। कॉर्पोरेशन वाली मैडम बता रही थी कि पिछले बार इलेक्शन ड्यूटी पर गई तो वहां लंच पैकेट का इंतजाम ही नहीं था। सो ड्यूटी पर रहे कर्मचारियों ने आपस में पैसे इकट्ठे कर बाहर से खाना मंगाकर जैसे-तैसे काम चलाया। यहां तक कि पानी के लिए तरस गए। इस बार बड़े साहब ने शहर के बूथों पर नीबू पानी का इंतजाम कर रखा है। लंच पैकेट भी मिलेगा। मैडम ने गहरी सांस भरते हुए कहा, साहब नीबू पानी तो पिलवा देंगे, लंच पैकेट की गारंटी नहीं है।

### बर्तन-भाड़े की चिंता ...

शहरवासियों को किफायती दाम पर शादी-ब्याह, छट्ठी, जन्मदिन के लिए बर्तन-भाड़ा दिलाने वाले साइलेंट मोड में हैं। जहां सेंटर खुला था, वहां ग्राहकी नहीं आ रही है। जहां ग्राहकी थी, वहां मेंबर की दुकानदारी आड़े आ गई। सो महिलाओं ने डिपार्टमेंट की खाटी मैडम से शिकायत कर दी। कहा कि वार्ड मेंबर ने बर्तन बैंक में ताला जड़ दिया है, रिक्वेस्ट की, पर मानते नहीं। कम से कम ताला खुलवा दीजिए। मैडम ने धीरे से कहा, चुनावी साल है, मेंबर से पंगा लिया तो लेने के देने पड़ सकते हैं। सो चुनाव तक रुक जाओ। भुक्तभोगियों ने चिंता जताई, देर हुई तो बर्तन-भाड़ा पार हो जाएगा, तब क्या होगा? कम से कम कमरे का ताला ही खुलवा देते।

### चैंबर का पुराना रास्ता

चैंबर की पिछली कार्यकारिणी ने कुछ सदस्यों की नेतागिरी की दुकान बंद करने के लिए नियम बना दिया था कि अध्यक्ष का चुनाव कोई भी सदस्य दो बार ही लड़ सकता है। ऐसे में जो सदस्य अध्यक्ष का चुनाव दो बार के बाद भी लड़ना चाहते थे, उनको मन मारकर रहना पड़ गया था, लेकिन इस समय की कार्यकारिणी ने ऐसे सदस्यों के लिए फिर से इंट्री का शटर उठा दिया है। संविधान में संशोधन करके कितनी भी बार अध्यक्ष का चुनाव लड़ने का नियम बना दिया गया है। इस नियम का फायदा वर्तमान अध्यक्ष को भी मिलने वाला है। वे भी दो बार अध्यक्ष रह चुके हैं। अब उनके लिए भी फिर से चुनाव लड़ने का रास्ता साफ है। वैसे भी उनके समर्थक चाहते हैं कि वे फिर से चुनावी जंग में उतरें। अब वे इसके लिए तैयार होते हैं या नहीं, ये अलग बात है।

### कौन जाएगा दिल्ली

छत्तीसगढ़ की राजनीति में ऐसा पहली बार हो रहा है कि न चाहते हुए भी नेताओं को पार्टी की खातिर चुनाव लड़ना पड़ रहा है। यहां पर पक्ष और



विपक्ष दोनों इससे परेशान हैं। अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि कौन-कौन दिल्ली जाएगा। वहीं कुछ नेता ऐसे हैं, जिन पर पुराने आरोप लगे हैं, वे ही इस चुनाव में अपना दम दिखा रहे हैं। अगर इसमें सफल हो गए तो उन पर कार्रवाई में कुछ हद तक छूट मिलने की संभावना है। ऐसे नेता यह कह रहे हैं कि चुनाव के बहाने अभी कुछ दिन और बाहर रहने का मौका मिलेगा। अगर जीत कर दिल्ली गए तो हो सकता है बचने का कोई नया रास्ता खुल जाए। अब वे साम-दाम लगाकर जी-जान से अपने दिल्ली जाने का रास्ता बना रहे हैं।

### बिन सत्ता सब सून

शहरी सत्ता के साहब याद हैं आपको? मतलब जब तक कांग्रेस की सरकार थी, सब बड़े कार्यक्रम, कांग्रेस के सभी मंच और दिग्गजों के इर्दगिर्द वही दिखते थे। हाल यह था कि उनके बिना कोई कार्यक्रम हो जाए, यह असंभव जैसा ही था। लेकिन जब से सरकार गई है, मतलब सन्नाटा ही पसर गया है। कहीं दिखते नहीं, जहां होते हैं वहां लोग दिखने नहीं देना चाहते। आसपास के लोगों ने भी दूरी बना ली है। यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि सत्ता नहीं है। बिना सत्ता के अफसर भी कहां सुनते हैं।

### जो सोवत है वो खोवत है

जरूरत से ज्यादा सोना भी ठीक नहीं होता है। आपके सोने का खामियाजा आपके साथ-साथ आपके परिवार वालों को भी भुगतना पड़ सकता है। विश्वास ना हो तो रविवि के अधिकारी क्रमांक-2 से पूछ लीजिए। हुआ यूं कि रविवि में लोकसभा चुनाव के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया था। साहब इससे नदारत रहे। जब निरीक्षण के लिए अधिकारी आए और उन्हें फोन मिलाया तो उनका जवाब था कि शनिवार है, सो रहा हूं। इस पर अधिकारी भड़क गए। साहब ने अपनी स्कूल शिक्षिका श्रीमती को चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने अर्जी लगवाई थी। वह भी उन्होंने कैंसिल कर दिया।

### चुनाव का अभिमन्यु

लोकसभा चुनाव का जोश चरम पर है। मतलब दो चरण के बाद तीसरे चरण के लिए भाजपा और कांग्रेस ने पूरा जोर लगा दिया है। आए दिन दिल्ली से नेता आ रहे हैं। बड़े बड़े मंच सज रहे हैं। जोरदार सभाएं हो रही हैं। लेकिन यह सब कहां पर है, जहां दिग्गज लड़ रहे हैं। लेकिन रायपुर में लगता है पार्टी उम्मीदवार को जंग में उतार कर जैसे भुला बैठी है।रायपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेसी उम्मीदवार विकास उपाध्याय अकेले मैदाने जंग में जूझ रहे हैं। जैसा महाभारत में हुआ था। सब यहां-वहां व्यस्त। विकास लोकल साथियों के साथ गली-गली घूम रहे हैं। देश और प्रदेश के दिग्गजों की सभाएं अब तक रायपुर में नहीं हुई है।

### इतिहास दोहराने का मतलब?

चुनाव के मौसम में सियासी लोग तरह-तरह के बयान देकर न सिर्फ खुद चर्चा में बने रहते हैं, बल्कि विरोधी दलों के लोगों के लिए ये अवसर पैदा करते हैं कि वे भी कोई प्रतिक्रिया देकर सुर्खियों में आ जाएं। राज्य के एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने राजनांदगांव सीट को लेकर जो बयान दिया है, उसकी एक दिलचस्प प्रतिक्रिया सामने है। नेताजी ने कहा है कि भूपेश बघेल इतिहास दोहराने आए हैं। इस बयान के कई मायने लगाए जा रहे हैं। एक कांग्रेस नेता ने बताया कि राजनांदगांव सीट से कोई भी प्रत्याशी केवल एक बार जीतता है। ये रिकार्ड है। अब नेताजी के बयान को जोड़-तोड़ कर वे बता रहे हैं कि दूसरी बार वाला प्रत्याशी नहीं जीत रहा है।

### महालक्ष्मी के नाम सारा खर्च

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सभी प्रत्याशी आमतौर पर डबल इंजन की भाजपा सरकार के प्रत्याशियों से खर्च के मामले में बहुत पीछे हैं। कांग्रेसियों के पास पैसा आए भी तो कहां से। पार्टी के बैंक अकांउट पहले ही लॉक हैं। अब बेचारे प्रत्याशी यहां-वहां से जोड़-जुगाड़ के जो रुपए लाए हैं, उसे लगाएं भी तो कहां। खबरी को पता लगा है कि कुछ प्रत्याशियों ने अपने धन का अधिकांश हिस्सा महालक्ष्मी योजना के फार्म भराने पर खर्च कर दिया है। उन्हें बस इस बात की उम्मीद है कि विधानसभा चुनाव में जिस तरह भाजपा का महतारी वंदन फार्म चला है, वैसा ही कुछ हो जाए तो किस्मत खुल जाएगी।

### खौफ तो होना ही चाहिए

एक वक्त था कि पुलिस की गाड़ी अगर इलाके से गुजर जाए तो सन्नाटा पसर जाता था। इस शहर में ऐसे-ऐसे पुलिस अफसर रहे कि जिनके नाम से ही अपराधी कांपने लगते थे। खौफ के मारे बदमाश इलाका छोड़ देते थे। एक बार वारदात होने के बाद मजाल है कि उस इलाके में कुछ हो जाए। लेकिन अब? अपराधियों में खौफ ही नहीं है।हाल यह है कि मामूली बात पर चाकू निकल रहे हैं। कौन कब किसे मार दे कोई ठिकाना नहीं। वजह? वही अपराधियों में खौफ नहीं है। पकड़े जाने पर इतनी आसानी से जमानत होने लगी हैं कि गुंडे हंसते हुए जाते हैं और मुस्कराते हुए लौट आते हैं। ऐसे में कैसे क्राइम कंट्रोल होगा।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, गिरीश केशरवानी, रुचि वर्मा

# कचरा प्रबंधन, साफ-सफाई की जांच के लिए बने 169 दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं यूज्ड वाटर मैनेजमेंट के संबंध में किए जा रहे कार्यों की जांच के लिए 169 दल गठित किए गए हैं। ये दल अगले महीने की 7 तारीख तक अपनी रिपोर्ट देंगे। राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका एवं नगर पंचायत को आदेश जारी किया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव ने इसी महीने विभाग की एक समीक्षा बैठक में इस संबंध में निर्देश जारी किए थे। इसी आधार पर विभाग की अवर सचिव ने सभी निकाय प्रमुखों को पत्र जारी किया है। नगरीय निकायों में होने वाली इस जांच के लिए सभी नगरीय नगरीय निकायों के कोड जारी किए तथा निरीक्षण के लिए दलों का गठन किया गया है।




### 7 मई तक देनी होगी रिपोर्ट

जांच दल के गठन का आदेश संबंधित निकायों द्वारा तत्काल जारी किया जाएगा और 30 अप्रैल तक प्रतिवेदन जांच दल द्वारा संबंधित संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय को भेजे जाएंगे। संयुक्त संचालक कार्यालय द्वारा प्राप्त जांच प्रतिवेदन में टीप के साथ संकलित जानकारी 7 मई तक संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भेजेंगे। इस काम के लिए संभागीय नोडल अधिकारी संबंधित संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय को नामित किया गया है। इस पूरे काम में तकनीकी सहायता के लिए मुख्य अभियंता यांत्रिकी प्रकोष्ठ एवं विशेष विशेषज्ञ को भी लगाया गया है।

### ऐसे काम करेंगे निरीक्षण दल

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा गठित दल संबंधी निर्देश में कहा गया है कि निरीक्षण दल नगरीय निकायों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, प्रोसेसिंग डिस्पोजल से संबंधित समस्त घटकों का निरीक्षण, निकाय में निर्मित निर्माणाधीन, प्रस्तावित एसटीपी स्थल का निरीक्षण तथा निकाय क्षेत्र में आने वाले सार्वजनिक स्थानों, नाले, नालों की सफाई एवं अन्य संबंधित गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए प्रतिवेदन तैयार करेंगे।

एसी में 7 और फ्रिज में 5 फीसदी तक कीमत बढ़ी, कूलरों की कीमत में इजाफा नहीं

# एसी अब खास से बना आम, गांव और छोटे शहरों में भी इस बार भारी डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

एयर कंडीशनर अब खास से आम होता जा रहा है। एक समय था, जब इसकी डिमांड बड़े शहरों और अमीरों के घरों के लिए होती थी, लेकिन अब एसी की डिमांड बड़े शहरों से हटकर गांवों और छोटे शहरों में भी बढ़ गई है। अब मध्यम वर्ग के घरों में भी एसी लगातार लग रहे हैं। इस सीजन में कारोबार में भी करीब 20 फीसदी का इजाफा हो गया है। सीजन अभी बहुत बचा है और अभी तक एसी का डेढ़ सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार हो गया है। इसी के साथ कूलर और फ्रिज को मिलाकर अब तक सीजन में तीन सौ करोड़ का कारोबार हो गया है। इस बार एसी के अलग-अलग मॉडलों में 5 से सात फीसदी तक कीमत बढ़ी है। इसी के साथ फ्रिज की कीमत में भी तीन से पांच फीसदी तक का इजाफा हुआ है। लेकिन जहां तक कूलरों का सवाल है तो इनकी कीमत में कोई इजाफा नहीं हुआ है। कारोबारियों के लिए गर्मी का सीजन सबसे खास होता है। इस सीजन में ही साल भर के कारोबार का चालीस फीसदी से ज्यादा कारोबार हो जाता है। इस सीजन के लिए कारोबारी खास तैयारी भी करते हैं। एसी, फ्रिज और कूलरों के स्टॉक का आर्डर दिसंबर में ही दे दिया जाता है। इसके बाद जनवरी से स्टॉक आने भी आ जाता है। अब तो आमतौर पर फरवरी से ही गर्मी अपने तेवर दिखने लगती है। इस बार भी फरवरी में गर्मी ने तेवर दिखाए और कारोबार होने लगा। फरवरी और मार्च में तो कारोबार की रफ्तार कम रही, लेकिन रफ्तार बहुत तेज हो गई है। मई में भी अच्छा कारोबार होगा।

- फरवरी से अब तक एसी, कूलर और फ्रिज का तीन सौ करोड़ का कारोबार

### कूलरों की बिक्री में गर्मी

गर्मी के सीजन में सबसे बड़ा कारोबार कूलरों का होता है। कूलरों की बिक्री भी फरवरी से लगातार हो रही है। इस सीजन में तीन लाख से ज्यादा कूलर प्रदेशभर में बिक जाते हैं। अब तक दो लाख से ज्यादा कूलर बिक भी गए हैं। कूलरों में दो लाख से ज्यादा कूलर लोकल रहते हैं। लोकल कूलरों में विंडो कूलरों की मांग ज्यादा रहती है। ये कूलर चार से आठ हजार के बीच मिल जाते हैं। आज-कल तो दो हजार तक के छोटे कूलर भी आने लगे हैं। इसके अलावा रूम कूलरों की भी बड़ी डिमांड रहती है। रूम कूलरों में ब्रांडेड कूलर जहां 10 से 12 हजार के मिलते हैं, वहीं लोकल कूलर 7 से 8 हजार में मिल जाते हैं। कूलरों का डेढ़ सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार हो जाता है। अब तक सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार हो चुका है।



### ढाई सौ करोड़ का होगा एसी का कारोबार

*एसी का कारोबार बड़ा होता है। ब्रांडेड एसी 20 हजार से एक लाख तक के आते हैं। कारोबारियों के मुताबिक गर्मी के सीजन में वैसे तो 60 से 65 हजार एसी बिक जाते हैं, लेकिन इस बार गांवों और छोटे शहरों से भी बड़ी डिमांड होने के कारण इसका कारोबार ज्यादा होने का अनुमान है। इस बार 80 हजार के आसपास एसी बिकेंगे। सबसे ज्यादा काराबोर राजधानी रायपुर में होता है। कम और ज्यादा कीमत को देखते हुए एक एसी की औसत कीमत अगर 30 से 35 हजार मान ले तो इस सीजन में ढाई सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार होगा। अब तक तो डेढ़ सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार हो चुका है। कीमत में इजाफा होने के बाद भी डिमांड कम न होकर इस बार डिमांड भी बढ़ गई है।*

### फ्रिज का कारोबार थोड़ा कम

गर्मी के सीजन में फ्रिज भी बिकते हैं, लेकिन इनका कारोबार एसी और कूलरों के मुकाबले में कम रहता है। फ्रिज का कारोबार दीपावली के समय ज्यादा होता है। दीपावली के बाद शादियों का सीजन भी रहता है। वैसे गर्मी के मौसम में शादियों का सीजन रहता है। यही वजह है कि गर्मी के सीजन में 70 से 80 करोड़ के आसपास फ्रिज का कारोबार हो जाता है। अब तक इसका भी 50 करोड़ का कारोबार हो गया है।

### गांव और छोटे शहरों में भी डिमांड

एसी की डिमांड अब बड़े शहरों के साथ गांवों और छोटे शहरों में भी बहुत होने लगी है। ऐसे में इस सीजन में कारोबार ज्यादा हो रहा है।

**- मंशा मेघानी,** एसी कारोबारी

# आदिवासियों, ओबीसी, अजा समेत सामान्य वर्ग का भी हक छीनना चाहती है कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व चुनाव प्रबंधन समिति प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा, कांग्रेस द्वारा अपने घोषणापत्र में सरकारी ठेकों में अल्पसंख्यकों को प्राथमिकता देने की बात कहकर कांग्रेस ने यह फिर साफ कर दिया है कि कांग्रेस आदिवासियों ओबीसी और अनुसूचित जाति सहित सामान्य वर्ग के सभी हक छीन लेना चाहती है। एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने कहा, संपत्ति का सर्वे कर संपत्ति को बांट देने और फिर राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा द्वारा विरासत-टैक्स का राग आलापने के बाद अब सरकारी ठेकों तक में अल्पसंख्यकों को धर्म के आधार पर शेयर देने की बात से कांग्रेस का आदिवासी, ओबीसी और अजा विरोधी चेहरा पूरी तरह बेनकाब हो गया है। श्री शर्मा ने कांग्रेस के घोषणापत्र में तुष्टिकरण के तहत किए प्रावधानों से देशवासियों में भारी आक्रोश है। कांग्रेस के घोषणापत्र में लिखी कई आपत्तिजनक बातों में एक और आपत्तिजनक बात सामने आ रही है, उसमें लिखा है, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सार्वजनिक रोजगार, सार्वजनिक कार्य अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बिना किसी भेदभाव के अवसरों का उचित हिस्सा मिले। श्री शर्मा ने सवाल किया, कांग्रेस यह कैसे सुनिश्चित करेगी कि अल्पसंख्यकों (मुस्लिम पढ़ें) को सार्वजनिक कार्य अनुबंध में उचित हिस्सा मिले। क्या तकनीकी और वित्तीय बोली के साथ धार्मिक कोटा भी होगा। क्या मुस्लिमों के पक्ष में योग्य बोलीदाताओं, जो कि अन्य धर्मों से रहेंगे, की अनदेखी की जाएगी। क्या सार्वजनिक अनुबंध हासिल करने के लिए हिंदुओं को अल्पसंख्यकों के अधीन बनना होगा, भले ही वे स्वयं ऐसा करने में सक्षम हों। क्या कांग्रेस यह कहकर टेंडर घोटाला की नींव नहीं रख रही है।

### कांग्रेस से मांगा जवाब

*श्री शर्मा ने कहा, अब राहुल गांधी और कांग्रेस इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें कि कांग्रेस के घोषणापत्र में कही गई बातें, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कथन, सैम पित्रोदा के विरासत टैक्स का राग और अब सार्वजनिक कार्य अनुबंध की बात कहकर कांग्रेस कौन-से मंसूबों को अमल में लाना चाहती है। अब कांग्रेस या तो स्वीकार करे कि उसका मकसद वही है, जो मनमोहन सिंह ने कहा था, पित्रोदा ने कहा है, और अब कांग्रेस के नेता कह रहे हैं, या फिर देश से माफी मांगकर इस मुद्दे को अपने घोषणापत्र से वापस ले।*



# विधायक मूणत को जन्मदिन पर बधाई देने लगा रहा तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक राजेश मूणत को उनके निवास पर जन्मदिन पर दिनभर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने जन्मदिन पर अपनी बधाई भेजी है। वहीं कैबिनेट मंत्री और रायपुर लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने भी उनके निवास पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। राजेश मूणत ने छत्तीसगढ़ के नगरीय प्रशासन मंत्री रहते हुए शहरी इलाकों को सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए थे। वे जिस विधानसभा सीट से निर्वाचित होते आए हैं, वह इसका सबसे बढ़िया उदहारण है। कैबिनेट मंत्री रहते हुए भी उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र रायपुर पश्चिम के नागरिकों से कभी दूरी नहीं बनाई और उनकी हर जरूरत का ख्याल रखा। रायपुर पश्चिम विधानसभा को संपूर्ण छत्तीसगढ़ की सर्वाधिक विकसित और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से युक्त विधानसभा होने का गौरव प्राप्त है। यहां अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पूल, नालंदा परिसर, विश्वस्तरीय लाइब्रेरी, छत्तीसगढ़ का सबसे विकसित एजुकेशन हब समेत कलाकारों को समर्पित विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार और कई फ्लाईओवर, अंडरब्रिज तथा चमचमाती सड़कें हैं।

- मुख्यमंत्री साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन समेत कई नेताओं ने दी बधाई

# सिंधी समाज का 'पहले मतदान फिर जलपान' अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूज्य सिंधी पंचायत राजेंद्रनगर, अमलीडीह, महावीर नगर द्वारा रविवार को एक बैठक की गई। बैठक में समाज के लोगों ने बताया कि पूरा सिंधी समाज 100% मतदान करेगा और लगातार सभी पूज्य पंचायतों में एक अभियान चलाया जा रहा है पहले मतदान फिर जलपान। साथ ही 7 मई को एक पर्व की तरह मनाने जा रहे हैं, सभी जगह बहुत खुशी का वातावरण है। बैठक में मुख्य अतिथि कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि जिस पार्टी ने राम मंदिर बनाया, धारा 370 हटाई, सीएए कानून लाया, ऐसी पार्टी भाजपा में 100% मतदान करके देश में एक मजबूत सरकार मोदी सरकार लाएं। सिंधी समाज आजादी से जनसंघ से जुड़ा है और आज भी बीजेपी के साथ है। इसी दौरान ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने कहा, जिस प्रकार मुझे आप सब का आशीर्वाद मिला है, आज में वादा करता हूं, एक लाख वोट से ज्यादा रायपुर ग्रामीण में बीजेपी आगे रहेगी। बैठक में विधायक अजय चंद्राकर, मोतीलाल साहू, लीलाधर चंद्राकर, रविंद्र ठाकुर, ललित जैसिंघ, गिरीश लहेजा, कमल विधवानी, सचिन मेघानी, प्रकाश बजाज, अमर गिदवानी, तेजकुमार बजाज एवं अन्य उपस्थित थे।

# शिवसेना ने दिया बृजमोहन को समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के चुनावी माहौल में एक नया मोड़ देखने को मिला, रायपुर जिले के शिवसेना शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने रविवार को लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। साथ ही कार्यकर्ताओं ने अपना समर्थन देते हुए 8 लाख से ज्यादा मतों के अंतर से रिकॉर्ड तोड़ जीत दिलाने की बात कही है। मीडिया को जानकारी देते हुए शिवसेना दल के प्रवक्ता संतोष शुक्ला ने कहा कि भाजपा हिंदुओ के लिए काम करती है और महाराष्ट्र में पीएम मोदी ने शिवसेना दल से मुख्यमंत्री एकानाथ शिंदे को बनाया है, इसीलिए हम सभी छत्तीसगढ़ में हजारों कार्यकर्ता आम जनता को बीजेपी को वोट देने की अपील कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे को सफल बनाएंगे।

# इंडोर स्टेडियम से निकली हरिनाम संकीर्तन यात्रा



**रायपुर।** योग वेदांत सेवा समिति द्वारा राजधानी में रविवार के बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम से जयकारों के साथ हरिनाम संकीर्तन यात्रा निकाली गई। ओमकारा नंद के सानिध्य में निकाली गई हरिनाम संकीर्तन यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस इंडोर स्टेडियम पहुंची। 29 अप्रैल को विश्व सेवा सत्संग दिवस मनाया जाएगा। योग वेदांत सेवा समिति रायपुर के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष देश-विदेश के साधकों द्वारा अवतरण दिवस 'विश्व सेवा-सत्संग दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में भगवन्नाम संकीर्तन यात्राएं, निशुल्क सत्साहित्य वितरण, शर्बत तथा छाछ वितरण किया जाएगा। साथ ही जरूरतमंदों के लिए भंडारे में प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### तेज धूप और बदली से उमस भरी गर्मी

**सरायपाली।** आसमान पर हल्की बदल छाई रही उसके बाद सूर्य देव के दर्शन हुए, जो पूरे दिन तक भीषण गर्मी की स्थिति बनी रही। पूरे दिन मौसम बनते बिगड़ते तेवर से वातावरण में उमस भरी गर्मी हो गई। लोगों का पंखे कूलर के बिना रहना मुश्किल हो गया है। बंगाल की खाड़ी में नमी के प्रवेश करने की वजह से आने वाले दिनों में फिर मौसम बदल सकता है। मौसम विभाग ने भी हल्की बारिश और बदली की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छिटे पढ़ने की संभावना व्यक्त की है। इसी के साथ ही यह भी चेतावनी दी है कि एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ व्रजपात होने और अंधड़ चल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ 65 डिग्री पूर्व और 18 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व झारखंड से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसकी वजह से प्रदेश में नमी का आगमन लगातार जारी है। इस तरह नमी युक्त हवाओं के चलते फिर से मौसम में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है।

## निधन

### जमुनाबाई साहू



**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह साहू पारा निवासी जमुनाबाई साहू (65) का 26 अप्रैल शुक्रवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार प्रातः 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे द्वारिका साहू की पत्नी व भगवानी साहू की मां थी।

### रुपेश सिन्हा



**महासमुंद।** मचेवा निवासी रुपेश सिन्हा (32) का 28 अप्रैल को निधन हो गया। वे डॉ. केआर सिन्हा के पुत्र व कृष्ण कुमार के भाई थे। अंतिम संस्कार मुक्ति धाम में किया गया। इस दौरान गणमान्य जन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**रबी धान फसल की हार्वेस्टर से कटाई**



**नर्रा।** नर्रा क्षेत्र में रबी धान फसल की कटाई का कार्य अब जोर पकड़ने लगा है। इन दिनों साधन संपन्न एवं ट्यूबवेल वाले किसान रबी धान फसल की कटाई में जुट गए हैं। किसान हार्वेस्टर से धान की कटाई करा रहे हैं।

# बारिश और ओलावृष्टि से रबी धान फसल खराब निरीक्षण करने पहुंचे पटवारी और ग्राम सेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

- कोमाखान क्षेत्र के किसानों ने की थी मुआवजा की मांग

क्षेत्र में बीते मंगलवार की रात मौसम ने अचानक करवट ली और तेज अधंड व ओलावृष्टि के साथ बारिश हुई। ओले गिरने से रबी धान फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। इसी तरह कोमाखान तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत पतेरापाली (स) आश्रित ग्राम लोंदामुड़ा में लगभग दो सौ एकड़ रबी फसल धान तेज हवा, बारिश और ओले गिरने से धान की बालिया व दाना झड़ गए हैं। खेत में पैरा ही पैरा नजर आ रहे है। अचानक कुदरत का कहर बनकर बारिश और ओलावृष्टि से फसल पूरी तरह से चौपट हो गई। जिससे किसान चिंतित है। मुआवजे की मांग शासन प्रसाशन से किया था। बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान फसल को निरीक्षण करने लोंदामुड़ा गांव खेत पर हल्का पटवारी केके यादव एवं ग्राम सेवक आरके आर्या पहुंचे।



**पहल:** आगामी क्रिकेटरों के लिए एक रोमांचक यात्रा की शुरुआत

# रिवरडेल स्कूल ने की टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के साथ साझेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल ने अपने खेल कार्यक्रम को और भी समृद्ध करने के लिए टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के साथ साझेदारी की है। हैंडबाल, बास्केटबॉल, स्केटिंग और स्वीमिंग जैसे कई खेलों के बाद अब क्रिकेट को भी खेल कार्यक्रम में शामिल हो गया है।

टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी ट्रस्टी शबाब कुरैशी हैं और कोच जमशेद राजा हैं, यहां के छात्रों के लिए एक नया द्वार खोलता है। यह साझेदारी उन्हें प्रसिद्ध एकेडमी और कोचों के अधिकृत प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है। ट्रस्टी शबाब कुरैशी ने इस साझेदारी के बारे में अपनी उत्साहजनक भावना व्यक्त की, कहते हैं कि हम रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के साथ युवा प्रतिभा को पोषित करने और क्रिकेट में उत्कृष्टता की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। यह सहयोग आगामी क्रिकेटरों के लिए एक रोमांचक यात्रा की शुरुआत करता है। कोच जमशेद राजा, प्रशिक्षण और विकास में अपने सूक्ष्म पहलू के लिए प्रसिद्ध, ने इस साझेदारी के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा किया। और कहा कि हमारा लक्ष्य है समग्र प्रशिक्षण प्रदान करना, जो केवल तकनीकी कौशल में ही नहीं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क, और खेल में नैतिकता के मूल्यों को भी विकसित करता है। रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के छात्रों के लिए यह साझेदारी क्रिकेट के क्षेत्र में अनगिनत अवसरों के द्वार खोलती है।

जब वे इस नए अध्याय की शुरुआत करेंगे, तो उन्हें अनुभवी पेशेवरों के मार्गदर्शन में अपने कौशलों को निखारने और खेल के सर्वोच्च स्तरों पर प्रतिस्पर्धा करने का संदर्भ मिलेगा। रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल और टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के बीच की यह साझेदारी खेल में उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा दे।



# तीन दिवसीय अखंड सतग्रंथ समारोह में सतनाम मानस मंडलियों ने दी प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में अखंड तीन दिवसीय सतग्रंथ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह 7 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई। 29 अप्रैल को समापन के दिन सतग्रंथ समारोह में जय सतनाम मानस मंडली रायपुर, जय सतनाम मानस मंडली खरोरा ने अपनी प्रस्तुति दी। इसमें गुरु घासीदास की महिमा का बखान करते हुए समाज के लोगों को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने न सिर्फ सत्य की आराधना की, बल्कि समाज में नई जागृति पैदा की और अपनी तपस्या से प्राप्त ज्ञान और शक्ति का उपयोग मानवता की सेवा के कार्य में किया। गुरु घासीदास बाबा ने छत्तीसगढ़ में सतनाम पंथ की स्थापना की।

गुरु घासीदास के मुख्य रचनाओं में उनके सात वचन सतनाम पंथ के सप्त सिद्धांत के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इसलिए सतनाम पंथ का संस्थापक भी गुरु घासीदास को ही माना जाता है। बाबा ने तपस्या से अर्जित शक्ति द्वारा कई चमत्कारिक कार्यों कर दिखाएं। बाबा गुरु घासीदास ने समाज के लोगों को प्रेम और मानवता का संदेश दिया। संत गुरु घासीदास की शिक्षा आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष चोवा राम पटेल, बलदाऊ पुरैना, रवि सूर्यवंशी, देवेश कोसरे, आशराम टंडन, बिजेश कोसरे, आज्ञा प्रताप बघेल, सोमेश मानिकपुरी, चिंता राम पटेल, समेलाल जांगड़े, लाजवंती सूर्यवंशी, शांतनु बघेल, हीरो बघेल, संतोषी पटेल, शकुन ढीढी, हेमा ढीढी, सरिता ढीढी, सुनीता ढीढी, विमला कुर्रे, राजेश पटेल, शंकर पटेल, मनोज कोसरे, प्रदीप परमार, भुनेश्वरी ढीढी, गायत्री ढीढी आदि का सहयोग रहा।

# लाफिनखुर्द में ग्रीष्मकालीन निःशुल्क व्यक्तित्व विकास शिविर कल से

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में कक्षा नवमीं से कॉलेज तक के बच्चों के लिए निःशुल्क व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन 1 मई से 3 मई तक किया गया है। शिविर का शुभारंभ 1 मई को प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षक के रूप में युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार के विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही वरिष्ठजन भी उपस्थित रहेंगे। शिविर प्रात 8 बजे से 11 बजे तक संचालित होगा। जिसमें बच्चों को श्रेष्ठ संस्कार व मार्गदर्शन देने, उन्हें चरित्रवान बनाने, उनके समस्याओं का समाधान करने के लिए कॅरियर निर्माण, स्मरण शक्ति कैसे बढ़ाएं? नारी जागरण, व्यक्तित्व निर्माण, स्वस्थ जीवन के सूत्र, सफल जीवन के सूत्र तथा नशा मुक्ति अभियान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन किया जाएगा। शिविर पूर्णता निःशुल्क है। सभी विषय प्रोजेक्टर और पावर पॉइंट के माध्यम से अत्यंत रोचक एवं मनोरंजक ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। अंतिम दिवस बच्चो से प्रश्नोत्तरी होगी, जिज्ञासाओं का समाधान होगा एवं शिविरार्थियो से उनका अनुभव शेयर किए जाएंगे। आसपास के 16 से 30 वर्ष के सभी बालक-बालिकाओं को स्वस्थ रहने एवं जीवन जीने की कला सीखने के लिए इस शिविर में पंजीयन कराकर अधिक से अधिक बच्चों को भेजने के लिए निवेदन किया गया है।

# कक्षा नवमीं और ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- प्रथम स्थान प्राप्त छात्राओं को गुलदस्ता भेंटकर किया सम्मानित

शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नवमी तथा ग्यारहवीं के वार्षिक परीक्षा का परिणाम प्राचार्य जीआर सिन्हा द्वारा घोषित किया गया। कक्षा 11वीं के सभी संकायों का औसत परीक्षाफल लगभग 90 प्रतिशत रहा। जिसमें विज्ञान संकाय में जागृति कुर्रे (88%), कला संकाय में खिलेश्वरी (83%), वाणिज्य संकाय में निधि भोसले (94%) तथा गृहविज्ञान संकाय में भाग्यलक्ष्मी (81%,) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा नवमी के पांचों संकायों में से सुषमा ने 94 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्राचार्य द्वारा गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी तथा आभार प्रदर्शन विवेक रहटगांवकर ने किया। इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी देवेंद्र कुमार शर्मा, विमल मन्नाडे, संजय मांझी, पुराणिक डड़सेना, ज्योति किरण चंद्राकर, पूजा साहू, खेमलता कंवर, निधि तिवारी, आयशा लतीफ, बेला मारू, खोमन लाल चंद्राकर, कीर्तन साहू सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# महासमुंद लोकसभा में कांग्रेस की जीत तयः अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सेक्टर प्रभारी व प्रमुख कार्यकर्ताओं से मुलाकात समेत लगभग 41 पोलिंग बूथ का किया सघन दौरा

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ में हुए तीन सीटों के मतदान पश्चात अब मतदाता खुल कर बढ़ती महंगाई, रद्द होती ट्रेनों, बेरोजगारी और सिर्फ जुमलेबाजी के खिलाफ मतदान करने को आतुर दिखे। महिलाओं की बढ़ी संख्या 8333 रुपए प्रतिमाह की महालक्ष्मी योजना के कारण कांग्रेस के पक्ष में दिखीं। साथ ही मनरेगा मजदूरों को 400 रुपए प्रतिदिन और युवा 30 लाख सरकारी नौकरियों के पक्ष में मतदान किया। मतदान के दिन सर्वप्रथम खल्लारी विधानसभा क्रमांक 41 में अपने बूथ में मतदान करने के पश्चात अंकित बागबाहरा वार्ड क्रमांक 1, 4, 6, 7, 8, 9, 10,11,15 में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में बूथों में घूमने पश्चात ग्राम हरनादादर, खल्लारी के दोनों बूथ, तरपोंगी, चुरकी, मोहंदी के दोनों बूथ, हड़ाबंद,मामाभांचा के दोनों बूथ, कमरौद, जामली, तुसदा, खुटेरी, अमाकोनी, तमोरा, ढोड़, अमलीडीही, खम्हरिया, कोकनाझर, टेका, टुहलु, धौराभाटा, कोमाखान, पटपरपाली व साल्हेभाटा सेक्टर प्रभारी व प्रमुख कार्यकर्ताओं से मुलाकात समेत लगभग 41 पोलिंग बूथ का सघन दौरा किया। अंकित ने कहा कि जिले में सबसे बड़ी जीत कांग्रेस की यहीं खल्लारी विधानसभा से होगी व पूरे लोकसभा से लगभग 1 लाख वोटों से कांग्रेस महासमुंद लोकसभा जीतेगी और ताम्रध्वज साहू सांसद बनेंगे। साथ ही अंकित ने सभी कांग्रेसजनों का इस भीषण गर्मी के बावजूद कांग्रेस पार्टी का काम करने पर साधुवाद दिया। इसी प्रकार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव लोकसभा और बीरेश ठाकुर कांकेर लोकसभा जीत रहे है और इस बार छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस 7 सीटें जीतेंगी ऐसा प्रतीत हो रहा है।




# पूर्व विधायक विनोद को प्रेमनगर विस क्षेत्र में मिली प्रचार की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार के लिए विधानसभावार पदाधिकारियों को जवाबदारी दी गई है। प्रभारी महामंत्री (संगठन एवं प्रशा.) मलकीत सिंह गैंदू ने प्रदेश के सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसमें सरगुजा लोकसभा क्षेत्रांतगर्त प्रेमनगर विधानसभा की जिम्मेदारी पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर को सौंपी है। प्रचार प्रसार के इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए कांग्रेस को बहुमत दिलाने प्रयास करूंगा। विगत दिनों बस्तर, महासमुंद, राजनांदगांव तथा कांकेर संसदीय सीट पर हुए मतदान में कांग्रेस को बहुमत मिल रही है। शेष 7 संसदीय सीटों पर भी कांग्रेस को बढ़त मिलेगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन के पक्ष में माहौल है। केंद्र के तानाशाह मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल करने जनता कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर रही है।



### लोकतंत्र के यज्ञ में तीन पीढ़ी ने दी आहूति

**नर्रा।** महासमुंद लोकसभा सीट के अंतर्गत खल्लारी विधानसभा के बूथ क्रमांक 260 राटापाली में तीन पीढ़ी ने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां बुजुर्ग फिरतुराम पटेल पत्नी केजाबाई, बेटा बहू हरिशंकर पटेल पत्नी हेमिन बाई पटेल एवं उनके नाती बहू गिलहरी पटेल-मीनाक्षी पटेल ने मतदान कर अपनी जिम्मेदारी निभाई।



### रामायण पाठ में पहुंचे श्रद्धालुओं को किया शरबत वितरण

**सरायपाली।** मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा सरायपाली द्वारा ग्राम बोंदा में आयोजित रामायण पाठ के दौरान श्रद्धालु भक्तों को शरबत वितरण किया गया। इस दौरान प्रिया अग्रवाल, मोना अग्रवाल, नेहा अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# शिक्षक को धूमधाम से छात्र-छात्राओं ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ग्राम पंचायत परसकोल के आश्रित ग्राम छुईया में पदस्थ शिक्षक बालेश्वर पटेल के विदाई अवसर पर ढोल-नगाड़ों के साथ पूरा गांव उमड़ पड़ा। कहते हैं जब गुरु से पढ़कर शिष्य सफल हो जाए, तभी माना जाता है कि गुरु ने अपनी ड्यूटी ईमानदारी से की है। अपने सेवाकाल में ताउम्र बेहद ईमानदारी और मेहनत से पढ़ाने वाले एक शिक्षक को छात्रों ने ऐसी विदाई दी कि लोग देखते ही रह गए। स्कूल से अध्यापक की विदाई में एक गांव के नहीं बल्कि आसपास के कई गांवों के बच्चे और उनके परिजन पहुंचे और बैंड बाजे के साथ बड़ी ही धूमधाम से अपने प्रिय शिक्षक को विदाई दी।

पूर्व छात्र-छात्राओं ने गांव के शिक्षक को दी विदाई बैंड बाजा और गांव में भ्रमण विदाई व सम्मान समारोह छुईया (परसकोल) में शिक्षक बालेश्वर पटेल का विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें उनके परिवार व ग्रामवासी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व विदाई समारोह को सफल बनाने में पूरा योगदान दिया, यह विदाई समारोह उनके द्वारा पढ़ाए गए पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा रखा गया था। जिसमें डीजे व बैंड पार्टी के साथ उनका पुष्पमाला से स्वागत किया स्वागत किया गया व ग्राम भ्रमण किया गया। साथ ही भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। जिसमें गांव के वरिष्ठ नागरिक रामेश्वर पटेल, जगदीश पटेल, खगेश्वर पटेल, धोबाराम चौहान, दयाराम चौहान, डोलामणि चौहान, शोभाराम चौहान, राजिम चौहान, बृन्दावन यादव, ब्रम्हानंद यादव, सदानंद यादव, हीरा चौहान, हरि चौहान व उनके पुत्र दुष्यंत पटेल शामिल रहें, जिसका संचालन राजू चौहान व बसंत चौहान ने किया। कार्यक्रम में भोगीलाल यादव, देवराज पटेल व पूर्व छात्र रोहित चौहान, अजय चौहान, सुशील चौहान, अशोक चौहान, संजय चौहान, अनिता यादव, तेजराम यादव, पवन यादव, छत्तर चौहान, संतोष चौहान, रमेश चौहान, कन्हैया चौहान, भूपेश चौहान, रामप्रसाद चौहान, करन यादव, मकरध्वज बरिहा, खिरोद यादव, देव पटेल, मिनकेतन पटेल, नरेंद्र पटेल, टीकाराम पटेल, शेखर पटेल ने अपनी पूरी सक्रियता दिखाई। कार्यक्रम का रुपरेखा पूर्व विधायक प्रत्याशी अजीत चौहान के देख रेख में किया गया।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशिः-स्लीपर 18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करेंः-7354-411411